# समाचार पत्र

खंड 15 | संख्या 2 | अगस्त 2024 – नवंबर 2024

# NEWSLETTER

VOLUME 15 | NO.2 | AUGUST 2024 - NOVEMBER-2024

CSIR-CGCRI

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई




## झलकियाँ

- स्वतंत्रता दिवस का आयोजन
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई स्थापना दिवस का आयोजन
- टोलिक (कार्यालय–2) कार्यकारी समिति की बैठक
- हिंदी पखवाड़ा–2024
- स्वच्छता ही सेवा–2024
- फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0
- राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन
- प्लांट 4 मदर अभियान
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई में नए निदेशक का पदभार ग्रहण
- इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (IISF)–2024
- नुक्कड़ नाटक
- फाइबर ऑप्टिक सेंसर एवं स्वदेशी प्रौद्योगिकी (FOSTER) पर कार्यशाला
- संसदीय स्थायी समिति के प्रतिनिधिमंडल का दौरा
- कर्मचारी समाचार
- स्थानांतरण / त्यागपत्र
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई से प्रस्थान
- अनुसंधान एवं विकास में प्रगति
- प्रकाशन विवरण
- पेटेंट विवरण

## HIGHLIGHTS

- Celebration of Independence Day
- Celebration of CSIR-CGCRI Foundation Day
- TOLIC (Offices-2) Executive Committee Meeting
- Hindi Pakhwada-2024
- Swachhata Hi Seva 2024
- Fit India Freedom Run 5.0
- Rashtriya Ekta Diwas Observed:
- Plant 4 Mother Campaign
- Joining of New Director at CSIR-CGCRI
- India International Science Festival (IISF) 2024
- Nukkad Natak
- Workshop on Fiber Optic Sensors and Indigenous Technologies (FOSTER)
- Visit of Parliamentary Standing Committee Delegation
- Staff News
- Leaving CSIR-CGCRI
- Strides in R&D (New Projects Sanctioned)
- Publications
- Patents

## मुख्य आकर्षण | In Focus

### स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

संस्थान में 15 अगस्त 2024 को 78वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह, जोश और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री सितेंदु मंडल, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख, एसजीडी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। संस्थान के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### Celebration of Independence Day

The 78th Independence Day was celebrated with fervent zeal and patriotism in the Institute on August 15, 2024. Shri Sitendu Mandal, Chief Scientist and Head, SGD hoisted the National Flag on the occasion and addressed the gatherings. The scientists, staff members, and students of the institute participated in the celebration.





78वाँ स्वतंत्रता दिवस / 78th Independence Day

### सीएसआईआर-सीजीसीआरआई स्थापना दिवस का आयोजन

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने 26 अगस्त 2024 को अपना 74वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रो. इंद्रनील मन्ना, जे. सी. बोस फेलो एवं कुलपति, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, रांची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने “विकसित भारत @ 2047 के लिए आवश्यक विज्ञान-अभियांत्रिकी-प्रौद्योगिकी समन्वय” विषय पर 21वां आत्माराम स्मृति व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. एन. सी. मुर्मु, निदेशक, सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने संस्थान की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया तथा भविष्य की पहलों पर प्रकाश डाला।

‘टेक्नोलॉजी कॉम्पेंडियम 2024’, जिसमें सीएसआईआर-सीजीसीआरआई की तकनीकी तत्परता और दक्षता को प्रदर्शित किया गया है, का विमोचन प्रो. मन्ना और डॉ. मुर्मू द्वारा श्री सितेंदु मंडल, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख एसजीडी तथा श्री सिद्धार्थ

### Celebration of CSIR-CGCRI Foundation Day

CSIR-CGCRI celebrated its 74th Foundation Day on August 26, 2024. Prof. Indranil Manna, J C Bose Fellow and V.C, Birla Institute of Technology, Mesra, Ranchi, graced the occasion as the Chief Guest and delivered the 21st Atma Ram Memorial Lecture on “Science-Engineering-Technology Synergy Needed for Viksit Bharat @ 2047.” Dr. N.C. Murmu, Director, CSIR-CGCRI, presented the institute's achievements and highlighted future initiatives..

The ‘Technology Compendium 2024’, showcasing CSIR-CGCRI's technological readiness and prowess, was released by Prof. Manna and Dr. Murmu in the presence of Shri Sitendu Mandal, Chief Scientist & Head, SGD, and Shri Siddhartha Dey, Controller of Administration.

डे, प्रशासन नियंत्रक की उपस्थिति में किया गया। प्रो. विभा टंडन, निदेशक, सीएसआईआर-आईआईसीबी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और डॉ. आत्माराम के कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर संस्थान ने वार्षिक उत्कृष्टता सम्मान समारोह भी आयोजित किया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र, सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी/दायर पेटेंट, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी तथा सर्वश्रेष्ठ सहयोगी प्रभाग जैसी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रो. मन्ना द्वारा सम्मानित किया गया।

Prof. Vibha Tandon, Director, CSIR-IICB, also graced the occasion and enlightened attendees on the work of Dr. Atma Ram.

On this occasion, the institute also conducted the annual felicitation of best performers, recognizing excellence in categories such as Best Paper, Best Technology/Patent Filed, Best Employee, and Best Support Division with awards presented by Prof. Manna.






सीएसआईआर-सीजीईआरआई के 74वें स्थापना दिवस का समारोह / Celebration of 74th CSIR-CGCRI Foundation Day

## टोलिक (कार्यालय–2) कार्यकारी समिति की बैठक

टोलिक (कार्यालय–2), कोलकाता की कार्यकारी समिति की बैठक 16 अगस्त 2024 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता में आयोजित की गई, जिसमें सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने राजभाषा के प्रगतिशील प्रयोग एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुझावों पर चर्चा की तथा टोलिक गतिविधियों के बेहतर संचालन और समन्वय के लिए रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती कृष्णा भट्टाचार्य, सचिव, टोलिक ने की तथा इसका समन्वयन श्री संजीवा कुमार सिंह, हिंदी अधिकारी, सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा किया गया।

## TOLIC (Offices-2) Executive Committee Meeting

A meeting of the Executive Committee of TOLIC (Offices-2), Kolkata was held on August 16, 2024 at CSIR-CGCRI, Kolkata, with participation from representatives of member offices. During the meeting, the representatives discussed and shared suggestions for the progressive use and effective implementation of the Official Language, as well as strategies for improved operation and coordination of TOLIC activities. The meeting was presided over by Mrs. Krishna Bhattacharya, Secretary, TOLIC, and coordinated by Mr. Sanjiva Kumar Singh, Hindi Officer, CSIR-CGCRI.



TOLIC (कार्यालय-2) कार्यकारी समिति की बैठक प्रगति पर है / TOLIC (offices 2) Executive committee Meeting in progress

## हिंदी पखवाड़ा–2024

हिंदी भाषा को प्रमुख माध्यम के रूप में प्रोत्साहित करने की अपनी सतत प्रतिबद्धता के अंतर्गत, सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने हिंदी पखवाड़ा–2024 को उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया, जिनका उद्देश्य भाषाई गौरव और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। समारोह का उद्घाटन 6 सितंबर 2024 को डॉ. नरेश चंद्र मुर्मू, निदेशक, सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र का प्रारंभ श्री सितेंदु मंडल, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख, स्पेशियलिटी ग्लास डिवीजन के स्वागत संबोधन से हुआ। इस अवसर पर श्री सिद्धार्थ डे, प्रशासन नियंत्रक (CoA) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान के चार युवा वैज्ञानिकों ने लोकप्रिय विज्ञान विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए, जिन्हें श्रोताओं ने अत्यंत सराहा। सत्र का समापन श्रीमती कृष्णा भट्टाचार्य, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ तथा इसका समन्वयन श्री संजीवा कुमार सिंह, हिंदी अधिकारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा प्रभागाध्यक्षों के लिए 'अनुच्छेद पाठन' प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

## Hindi Pakhwada-2024

As a part of its continued commitment to promoting the use of Hindi language as primary medium, CSIR-CGCRI celebrated Hindi Pakhwada 2024 with a series of engaging activities aimed at encouraging linguistic pride and cultural awareness. The celebrations were inaugurated on September 6, 2024 by Dr. Naresh Chandra Murmu, Director, CSIR-CGCRI. The inaugural session began with a welcome address by Shri Sitendu Mandal, Chief Scientist & Head, Specialty Glass Division, and was also addressed by Shri Siddarth Dey, Controller of Administration (CoA). Four young scientists of the institute delivered popular scientific lectures, which were well-received by the audience. The session concluded with a vote of thanks by Smt. Krishna Bhattacharyya, Senior Hindi Officer, and was coordinated by Shri Sanjiva Kumar Singh, Hindi Officer.

As part of the observance, several competitions were organized like essay writing competition and 'Anuchhed Pathan' competition for divisional heads.






हिंदी पखवाड़ा–2024 / Hindi Pakhwada 2024

## स्वच्छता ही सेवा–2024

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता में 20 सितंबर 2024 से 1 अक्टूबर 2024 तक 'स्वच्छता ही सेवा–2024' का सक्रिय रूप से आयोजन किया गया। इस अवधि के दौरान जागरूकता कार्यक्रमों, प्रशिक्षण सत्रों तथा स्वच्छता संबंधी विभिन्न पहलुओं से जुड़े अभियानों का संचालन किया गया।

इस अवधि के दौरान आयोजित गतिविधियों में व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर जानकारीपरक सत्र, जैव-अवक्रमणीय एवं पर्यावरण-अनुकूल सामग्री के उपयोग पर जागरूकता, तथा अपशिष्ट सोलर पीवी मॉड्यूल के पुनर्चक्रण से संबंधित कार्यक्रम शामिल थे। इसके अतिरिक्त सभी परिसरों में स्वैच्छिक सफाई अभियान चलाया गया, विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा 'स्वच्छता ही सेवा' पहल के अंतर्गत सफाई मित्रों का सम्मान भी किया गया।

इन गतिविधियों के माध्यम से सीएसआईआर-सीजीसीआरआई की स्वच्छता, सतत विकास एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई, जो राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा–2024' अभियान का हिस्सा है।

## Swachhata Hi Seva 2024

Swachhata Hi Seva 2024 was actively observed at CSIR-CGCRI, Kolkata, with a series of awareness, training, and cleanliness initiatives conducted between September 20,2024 –October 1, 2024.

During this period, activites which were carried out included informative session on importance of personal hygiene, usage of biodegradable and environment-frindly materials, Recycling of Waste Solar PV Modules took place. Voluntary cleaning activity across all the campuses, awareness programme for school students, plantation programme and felicitation of Safai Mitras during this Swachchhta hi Seva initative.

These activities reflected CSIR-CGCRI's commitment to promoting cleanliness, sustainability, and community engagement as part of the nationwide Swachhata Hi Seva 2024 initiative.





**स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत गतिविधियाँ / Activities under Swachhata Hi Seva 2024**

## फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0

29 अक्टूबर 2024 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता द्वारा "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत" पहल के अंतर्गत फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 का आयोजन किया गया। इस दौड़ में कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों, प्रशिक्षु प्रशिक्षार्थियों तथा संविदा कर्मियों सहित 350 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. सितेंदु मंडल, मुख्य वैज्ञानिक ने प्रतिभागियों को फिट इंडिया शपथ दिलाई। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों को अल्पाहार प्रदान किया गया, जिससे संस्थान समुदाय में फिटनेस, स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण को प्रोत्साहन मिला।





**फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 कार्यक्रम / Fit India Freedom Run 5.0 event**

## Fit India Freedom Run 5.0

On October 29, 2024, CSIR-CGCRI, Kolkata organized the Fit India Freedom Run 5.0 under the initiative of "Swachh Bharat Swasth Bharat". Over 350 participants, including employees, students, research scholars, apprentice trainees, and contractual staff, enthusiastically took part in the run. Dr. Sitendu Mandal, Chief Scientist, administered the Fit India Oath, and refreshments were provided to participants after the event, promoting fitness, health, and well-being among the institute community.

## राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई में 30 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। डॉ. नरेश चंद्र मुर्मू, निदेशक तथा श्री सितेंदु मंडल, मुख्य वैज्ञानिक ने सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई, जिससे राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को पुनः सुदृढ़ किया गया।



**सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा 2024 / Integity Pledge 2024**

## Rashtriya Ekta Diwas Observed

CSIR-CGCRI observed Rashtriya Ekta Diwas on October 30, 2024, with a pledge-taking ceremony. Dr. Naresh Chandra Murmu, Director, and Shri Sitendu Mandal, Chief Scientist, administered the pledge to all employees, reaffirming the spirit of national unity and integrity.

## प्लांट 4 मदर अभियान

राष्ट्रव्यापी #Plant4Mother अभियान के अंतर्गत 30 अक्टूबर 2024 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने तथा हरित परिसर के निर्माण में योगदान देने के उद्देश्य से संस्थान परिसर में कुल 10 पौधे लगाए गए।

## Plant 4 Mother Campaign

As a part of the nationwide #Plant4 Mother campaign, a sapling plantation drive was organized at the CSIR-CGCRI, Kolkata campus on October 30, 2024. A total of 10 saplings were planted within the institute premises to promote environmental sustainability and contribute to a greener campus..





मातृ सम्मान हेतु चार पौधे रोपण अभियान / Plant 4 Mother campaign

## सीएसआईआर-सीजीसीआरआई में नए निदेशक का पदभार ग्रहण

प्रो. बिक्रमजीत बसु, एफएनए, एफएनएई, एफएनएएससी, एफएएससी, एफएएमएस ने 8 नवंबर 2024 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। संस्थान ने उनके पदभार ग्रहण करने पर उनका हार्दिक स्वागत किया।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रो. बसु ने सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के सभी कर्मचारियों को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक वक्तव्य में उन्होंने नवाचार, अनुसंधान उत्कृष्टता तथा सहयोगात्मक विकास को आगे बढ़ाने की अपनी दृष्टि साझा की, जिससे संस्थान के कर्मियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त हुई।

## Joining of New Director at CSIR-CGCRI

Prof. Bikramjit Basu, FNA, FNAE, FNASc, FASc, FAMS, assumed office as the Director of CSIR-CGCRI on November 8, 2024. The institute extended a warm welcome to Prof. Basu on his appointment.

Following his assumption of charge, Prof. Basu addressed all staff members of CSIR-CGCRI, delivering a motivating and enlightening talk that inspired the workforce and shared his vision for driving innovation, research excellence, and collaborative growth at the institute.



नए निदेशक का पदग्रहण / Joining of New Director

## इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (IISF)–2024

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहल, विज्ञान भारती (VIBHA) के सहयोग से आयोजित इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (IISF) विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के उत्सव का एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच है। IISF–2024 का 10वां संस्करण, जिसका समन्वयन सीएसआईआर द्वारा किया जा रहा है, 30 नवंबर से 3 दिसंबर 2024 तक गुवाहाटी में आयोजित किया जाना निर्धारित है।इस भव्य आयोजन की प्रस्तावना के रूप में, सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने 6 नवंबर 2024 को अपने कोलकाता परिसर में एक कर्टेन रेज़र कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) गौतम सूत्रधार, निदेशक, एनआईटी जमशेदपुर उपस्थित रहे। साथ ही प्रो. (डॉ.) समीत गुहा, रसायन विज्ञान विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय एवं सचिव, विज्ञान भारती (VIBHA), पश्चिम बंगाल ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।गुवाहाटी में आयोजित IISF के दौरान, सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने अपनी स्वदेशी विकसित प्रौद्योगिकियों और प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, उद्योग प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों तथा आम जनता के साथ सक्रिय सहभागिता करते हुए संस्थान ने वैज्ञानिक जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को सुदृढ़ किया।

## India International Science Festival (IISF) 2024

India International Science Festival (IISF), an initiative of the Ministry of Science and Technology and the Ministry of Earth Sciences, Government of India, in association with Vijnana Bharati (VIBHA), represents a premier platform to celebrate science, technology, and innovation. The 10th edition of IISF 2024, coordinated by CSIR, is scheduled to be held in Guwahati from November 30 to December 3, 2024. As a prelude to this grand event, CSIR-CGCRI organized a Curtain Raiser Event on November 6, 2024, at its Kolkata campus. The occasion was graced by Chief Guest Prof. (Dr.) Gautam Sutradhar, Director, NIT Jamshedpur, along with Prof. (Dr.) Samit Guha, Department of Chemistry, Jadavpur University & Secretary, VIBHA (Vijnana Bharati), West Bengal. During IISF at Guwahati, CSIR-CGCRI showcased its in-house technologies and prototypes, engaging with students, industry representatives, academicians, and the general public, reinforcing its role in promoting scientific awareness and innovation.





संस्थागत - 2024 / IISF - 2024

## नुक्कड़ नाटक

तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान–2024 के अंतर्गत, सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता द्वारा 13 नवंबर 2024 को एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अपराह्न 3:30 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं वैज्ञानिकों ने प्रस्तुति दी। इस प्रभावशाली नाटक ने सत्यनिष्ठा एवं नैतिक आचरण के संदेश से दर्शकों को अत्यंत प्रभावित किया।कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों ने भाग लिया, जिससे संगठन के भीतर पारदर्शिता, सतर्कता एवं उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने के प्रति सीएसआईआर-सीजीसीआरआई की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई।

## Nukkad Natak

As part of the three-month Vigilance Awareness Campaign 2024, CSIR-CGCRI, Kolkata organized a Nukkad Natak on November 13, 2024. The event was held from 3:30 PM onwards, performed by students, staff, and scientists of CSIR-CGCRI, which captivated the audience with its impactful message on integrity and ethical practices. The programme was attended by employees, students, and research scholars of the institute, highlighting CSIR-CGCRI's commitment to fostering transparency, vigilance, and accountability within the organization.






**सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 / Vigilance Awareness campain 2024**

## फाइबर ऑप्टिक सेंसर एवं स्वदेशी प्रौद्योगिकी (FOSTER) पर कार्यशाला

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के फाइबर ऑप्टिक्स एवं फोटोनिक्स प्रभाग द्वारा 14 नवंबर 2024 को "फाइबर ऑप्टिक सेंसर: प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं अनुसंधान" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें इंडस्ट्री 4.0 के संदर्भ में संरचनात्मक स्वास्थ्य निगरानी (Structural Health Monitoring) तथा प्रक्रिया निगरानी (Process Monitoring) हेतु फाइबर ऑप्टिक सेंसर पर विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रयोगशाला से बाजार तक स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास पर विशेष बल दिया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता निदेशक, सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने की तथा इसमें आमंत्रित प्रतिनिधियों एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## Workshop on Fiber Optic Sensors and Indigenous Technologies (FOSTER)

One day workshop "Fiber Optic Sensors, Technology, Engineering and Research" was organised by the Fiber Optics and Photonics Division of CSIR-CGCRI on November 14, 2024. It included a brainstorming session on Fiber Optic Sensors for Structural Health Monitoring and Process Monitoring in Industry 4.0—Indigenous Technologies from Lab to Market. The workshop was presided over by the Director, CSIR-CGCRI, in the presence of invited delegates and dignitaries..




**फॉस्टर - 2024 / FOSTER - 2024**

## संसदीय स्थायी समिति के प्रतिनिधिमंडल का दौरा

संसदीय स्थायी समिति के माननीय अध्यक्ष श्री भुवनेश्वर कलिता एवं अन्य समिति सदस्यों ने 21 नवंबर 2024 को निरीक्षण हेतु सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत प्रो. बिक्रमजीत बसु, निदेशक, सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने अनुसंधान एवं विकास प्रभागों के प्रमुखों, प्रशासन नियंत्रक तथा संस्थान के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया। दौरे के दौरान प्रो. बसु ने सीएसआईआर-सीजीसीआरआई की अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, तकनीकी प्रगतियों तथा विभिन्न राष्ट्रीय अभियानों के साथ उनके समन्वय का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया। माननीय अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों ने बाद में आत्माराम स्मृति संग्रहालय एवं अभिलेखागार का भी अवलोकन किया, जहाँ उन्होंने संस्थान की समृद्ध विरासत के संरक्षण एवं प्रदर्शनी के प्रयासों की सराहना की।

## Visit of Parliamentary Standing Committee Delegation

Mr. Bhubaneshwar Kalita, Hon'ble Chairman of the Parliamentary Standing Committee, along with other committee members, visited CSIR-CGCRI, Kolkata for inspection on November 21, 2024. The delegation was received by Prof. Bikramjit Basu, Director, CSIR-CGCRI, along with the Heads of R&D Divisions, Controller of Administration, and other senior personnel of the institute. During the visit, Prof. Basu presented an overview of CSIR-CGCRI's cutting-edge R&D activities, technological developments, and their alignment with various National Missions. The Hon'ble Chairman and members later visited the Atma Ram Memorial Museum and Archives, where they appreciated the institute's efforts in preserving and showcasing its rich legacy.





**संसदीय स्थायी समिति के प्रतिनिधिमंडल का आगमन / Visit of Parliamentary standing committos Delegation**

## कर्मचारी समाचार

### सेवानिवृत्ति
डॉ. रजत बनर्जी
पदनाम : प्रधान तकनीकी अधिकारी
तिथि : 31.08.2024

### सेवानिवृत्ति
श्री सुजीत घोष
पदनाम : प्रयोगशाला सहायक
तिथि : 31.08.2024

### सेवानिवृत्ति
श्री बिप्लब कुमार नस्कर
पदनाम : प्रयोगशाला सहायक
तिथि : 30.09.2024

### सेवानिवृत्ति
सुश्री कृष्णा भट्टाचार्य
पदनाम : वरिष्ठ हिंदी अधिकारी
तिथि : 31.10.2024

### सेवानिवृत्ति
श्री सनातन नइया
पदनाम : वरिष्ठ हिंदी अधिकारी
तिथि : 31.10.2024

## Staff News

### Superannuation
Dr. Rajat Banerjee
Principal Technical Officer
Date : 31.08.2024

### Superannuation
Mr. Sujit Ghosh
Laboratory Assistant
Date : 31.08.2024

### Superannuation
Mr. Biplab Kr Naskar
Laboratory Assistant
Date : 31.09.2024

### Superannuation
Ms. Krishna Bhattacharjee
Senior Hindi Officer
Date : 31.10.2024

### Superannuation
Mr. Sanatan Naiya
Senior Hindi Officer
Date : 31.10.2024

## स्थानांतरण / त्यागपत्र

### श्री दिव्येंदु बनर्जी
पदनाम :वरिष्ठ सचिवालय सहायक (एस एंड पी)
स्थानांतरण / स्थिति : सीएसआईआर-एनएमएल, जमशेदपुर स्थानांतरित
तिथि : 2.08.2024

### श्री अंजनी कुमार पांडेय
पदनाम :भंडार एवं क्रय अधिकारी
स्थानांतरण / स्थिति : सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई, भावनगर स्थानांतरित
तिथि : 9.08.2024

### श्री अनिरुद्ध चक्रवर्ती
पदनाम :वरिष्ठ सचिवालय सहायक (एफ एंड ए)
स्थानांतरण / स्थिति : सीएसआईआर-मुख्यालय, नई दिल्ली स्थानांतरित
तिथि : 16.08.2024

### श्री सुप्रियो मंडल
पदनाम :वरिष्ठ सचिवालय सहायक (एफ एंड ए)
स्थानांतरण / स्थिति : सीएसआईआर-एनजीआरआई, हैदराबाद स्थानांतरित
तिथि : 16.08.2024

### सुश्री लीना सान्याल
पदनाम :अनुभाग अधिकारी (एस एंड पी)
स्थानांतरण / स्थिति : सीएसआईआर-आईआईसीबी, कोलकाता स्थानांतरित
तिथि : 19.08.2024

## Staff News

### Mr. Dibyendu Banerjee
Senior Secretariat Assistant (S & P)
Transferred to CSIR-NML, Jamshedpur
Date : 02.08.2024

### Mr. Anjani Kumar Pandey
Stores and Purchase Officer
Transferred to CSIR-CSMCRI, Bhavnagar
Date : 09.08.2024

### Mr. Aniruddha Chakraborty
Senior Secretariat Assistant (F & A)
Transferred to CSIR-Hqrs., New Delhi
Date : 16.08.2024

### Mr. Supriyo Mondal
Senior Secretariat Assistant (F & A)
Transferred to CSIR-NGRI, Hyderabad
Date : 16.08.2024

### Ms. Lina Sanyal
Section Officer (S & P)
Transferred to CSIR-IICB, Kolkata
Date : 19.08.2024

### सुश्री जयीता साहा

पदनाम : जेएसए (एस एंड पी)
स्थानांतरण / स्थिति : त्यागपत्र
तिथि : 14.08.2024

### Ms. Jayeeta Saha

JSA (S&P)
Resigned
Date : 14.08.2024

### श्री कौशिक जना

पदनाम : वरिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य)
स्थानांतरण / स्थिति : सीएसआईआर-आईजीआईबी, नई दिल्ली स्थानांतरित
तिथि : 30.08.2024

### Mr. Koushik Jana

Senior Secretariat Assistant (General)
Transferred to CSIR-IGIB, New Delhi
Date : 30.08.2024

### श्री मुरसेलिम खान

पदनाम : वरिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य)
स्थानांतरण / स्थिति : सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद स्थानांतरित
तिथि :42.09.2024

### Mr. Murselim Khan

Senior Secretariat Assistant (General)
Transferred to CSIR-CIMFR, Dhanbad
Date : 04.09.2024

## सीएसआईआर-सीजीसीआरआई से प्रस्थान
## व्यवसाय, साझेदारी एवं गठबंधन (एमओयू/एनडीए आदि)

- “स्वास्थ्य अनुप्रयोगों हेतु विभिन्न बायोमैटेरियल एवं इम्प्लांट सामग्रियों का विकास” शीर्षक से एक गोपनीयता समझौता (NDA) 4 अक्टूबर 2024 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं एम/एस सत्यभामा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), चेन्नई के बीच हस्ताक्षरित किया गया।
- “डेंटल अनुप्रयोगों हेतु सिरेमिक/ग्लास/ग्लास-सिरेमिक सामग्रियों के विकास” के लिए 3 अक्टूबर 2024 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं एम/एस ऑर्थोप्लास्ट प्रा. लि., खुर्जा, उत्तर प्रदेश के बीच एक गोपनीयता समझौता (NDA) संपन्न हुआ।।
- “Rat Distal Femur Condyle Defects for Assessment of Bone Tissue Regeneration” शीर्षक से एक परियोजना गोपनीयता समझौता (NDA) 22 नवंबर 2024 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं सेंटर फॉर लेबोरेटरी एनिमल टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, सत्यभामा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई, तमिलनाडु, भारत के बीच हस्ताक्षरित किया गया।
- 29 नवंबर 2024 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई एवं एम/एस GESCO हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई के बीच “स्वास्थ्य अनुप्रयोगों हेतु PAEK-आधारित कंपोज़िट, अन्य बायोमैटेरियल एवं इम्प्लांट सामग्रियों के विकास” के लिए एक समझौता किया गया।।

## Leaving CSIR-CGCRI
## Business, Partnerships, Alliances (MoU/NDA/etc)

- A Non-Disclosure Agreement (NDA), entitled “Developed different biomaterials and implant materials for healthcare application” was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & M/s. Sathyabama Institute of Science and Technology (Deemed to be University), Chennai on 4thOctber 2024.
- A Non-Disclosure Agreement (NDA) was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & M/s. Orthoplast Pvt. Ltd, Khurja, Uttar Pradesh to develop “Ceramics/ glass/ glass-ceramic materials for dental applications” on 3rd October 2024.
- A project NDA, entitled “Rat Distal Femur Condyle Defects for Assessment of Bone Tissue Regeneration” was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & Centre for Laboraty Animal Technology and Research, Sathyabama Institute of Science and Technology, Chennai, Tamilnadu, India on 22nd November 2024.
- CSIR-CGCRI and M/s. GESCO Healthcare Private Limited, Chennai, entered into an agreement on 29th November 2024 for the “Development of PAEK-based composites, other biomaterials, and implant materials for healthcare applications.”

## अनुसंधान एवं विकास में प्रगति

## Strides in R&D

### नव स्वीकृत परियोजनाएँ

### New Projects Sanctioned

| परियोजना शीर्षक / Project title | कार्य क्षेत्र / Domain of work | प्रायोजक / Sponsers | प्रारंभ तिथि / Start Date | समापन तिथि / End Date |
|---|---|---|---|---|
| मानव-संचालित पनडुब्बियों में जीवन-समर्थन हेतु बहु-कार्यात्मक यांत्रिक मेटामटेरियल्स / Multifunctional mechanical Metamaterials for life support in manned submsersibles | अनुदान सहायता / Grant-in-Aid | पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) | 16-11-2024 | 15-11-2026 |
| गहरे समुद्री अनुप्रयोगों के लिए उछाल मॉड्यूल हेतु सीमलेस खोखला एल्युमिना गोला / Seamless hollow alumina sphere for buyoancy module for deep-sea application | Grant-in-Aid | (MoES) | 18-11-2024 | 17-11-2026 |

## काशन विवरण

## Publications

### कुल एससीआई प्रकाशन: 48; कुल नॉन-एससीआई प्रकाशन: 8

### Total No. of SCI publication: 48 ; Non-SCI:8

| माह/Month | Publication | | कुल प्रकाशन/Total Publication |
|---|---|---|---|
| | SCI | NON-SCI | |
| अगस्त 2024 / August, 2024 | 9 | 0 | 9 |
| सितंबर 2024 / September, 2024 | 10 | 8 | 18 |
| अक्टूबर 2024 / October, 2024 | 9 | 0 | 9 |
| नवंबर 2024 / November, 2024 | 20 | 0 | 20 |

# पेटेंट विवरण

## (अगस्त 2024 – नवंबर 2024 के दौरान दायर एवं स्वीकृत पेटेंट)

### भारत में दायर

1. **शीर्षक:** : त्वरित अस्थि पुनर्जनन हेतु स्ट्रोंशियम नियोबेट बायो-सिरेमिक कंपोज़िट तथा उसके निर्माण की प्रक्रिया
   **आविष्कारक:** प्रद्योत दत्ता, तुहिन सरकार, विश्वनाथ कुंडु, वंशी कृष्ण बल्ला
   **आवेदन संख्या:** 202411059522; दिनांक: 06-अगस्त-2024

2. **शीर्षक:** मधुमेह की पहचान हेतु श्वास विश्लेषक प्रणाली तथा उसके निर्माण की प्रक्रिया
   **आविष्कारक:** मृणाल पाल, साग्निक दास, सुभजीत मजूमदार, तनुश्री दास, सुभजीत दास, अरुण कुमार सिंह
   **आवेदन संख्या:** 202411089824; दिनांक: 19-नवंबर-2024

### भारत में स्वीकृत

1. **शीर्षक:** : विद्युत वाहन के करंट कलेक्टर की ऑनलाइन निगरानी हेतु तापमान एवं कंपन-संशोधित पूर्ण यांत्रिक विकृति मापन के लिए फाइबर ब्रैग ग्रेटिंग सेंसर मॉड्यूल
   **आविष्कारक:** नंदिनी बसुमल्लिक, सोमनाथ बनर्जी, पलाश बिस्वास, बिप्लब मित्रा, कमल दासगुप्ता
   **आवेदन संख्या:** 201911013439; **पेटेंट संख्या**: 553454 दिनांक: 29-अक्टूबर-2024

2. **शीर्षक:** एर्बियम एवं इटर्बियम सह-डोप्ड बहु-तत्व सिलिका ग्लास आधारित क्लैडिंग-पंप्ड फाइबर के निर्माण की प्रक्रिया
   **आविष्कारक:** मुकुल चंद्र पाल, अनिर्बन धर, श्यामल दास, मृण्मय पाल, श्यामल कुमार **भद्रआवेदन संख्या:** 201811021507
   **पेटेंट संख्या**: 554356
   **दिनांक:** 14-नवंबर-2024

### विदेश में दायर

1. **शीर्षक:** : Ti-6Al-4V इम्प्लांट्स पर कोटिंग हेतु नवीन बोरोसिलिकेट आधारित बायोएक्टिव ग्लास तथा उसकी प्रक्रिया
   **आविष्कारक:** अनुष्टुप चक्रवर्ती, सुभदीप बोधक, कौशिक बिस्वास
   **आवेदन संख्या:** PCT/IN2024/052069; **पेटेंट संख्या**: WO
   **दिनांक:** 15-अक्टूबर-2024

2. **शीर्षक:** अंतर्निर्मित विद्युतचुंबक सहित उन्नत केमिरेसिस्टिव गैस सेंसर मॉड्यूल तथा गैस पहचान की विधि
   **आविष्कारक:** स्वस्तिक मंडल, प्रत्याशा रुद्र
   **भद्रआवेदन संख्या:** PCT/IN2024/052270
   **पेटेंट संख्या**: WO
   **दिनांक:** 21-नवंबर-2024

# Patents

## Patents Filed and Granted (August 2024 – November 2024)

### Filed in Indian

1. **Title:** A STRONTIUM NEOBATE BIO-CERAMIC COMPOSITE FOR ACCELERATED SKELETAL REGENERATION AND A PROCESS FOR THE PREPARATION THEREOF
   **Inventors:** Pradyot Datta, Tuhin Sarkar, Biswanath Kundu, Vamsi Krishna Balla
   **(Application No.:** 202411059522 Date: 06-Aug-2024)

2. **Title:** A BREATH ANALYZER SYSTEM FOR THE DETECTION OF DIABETES AND A PROCESS FOR THE PREPARATION THEREOF
   **Inventors:** Mrinal Pal, Sagnik Das, Mojumder Subhajit, Das Tanushri, Das Subhajit, Singh Arun Kumar
   **(Application No.:** 202411089824 Date: 19-Nov-2024)

### Granted in India

3. **Title:** BRAGG GRATING SENSOR MODULE TO ACQUIRE TEMPERATURE AND VIBRATION COMPENSATED ABSOLUTE MECHANICAL STRAIN FOR ONLINE MONITORING OF CURRENT COLLECTOR OF AN ELECTRIC VEHICLE
   **Inventors:** Nandini Basumallick, Somnath Bandyopadhyay, Palas Biswas, Biplab Mitra, Kamal Dasgupta
   **(Application No.:**201911013439 Patent No.: **553454 Date: 29-Oct-2024**)

4. **Title:** A PROCESS OF FABRICATION OF ERBIUM AND YTTERBIUM-CO-DOPED MULTI-ELEMENTS SILICA GLASS BASED CLADDING-PUMPED FIBER Inventors: Mukul Chandra Paul, Anirban Dhar, Shyamal Das, Mrinmay Pal, Shyamal Kumar Bhadra
   **(Application No.:** 201811021507 Patent No.: 554356 Date: 14-Nov-2024)

### Filed Abroad

5. **Title:** NOVEL BOROSILICATE BASED BIOACTIVE GLASS FOR COATING ON TI-6AL-4V IMPLANTS AND ITS PROCESS THEREOF
   **Inventors:** Anustup Chakraborty, Subhadip Bodhak, Kaushik Biswas
   **(Application No.:**PCT/IN2024/052069 Country: **WO Date: 15-Oct-2024**)

6. **Title:** AN IMPROVED CHEMIRESISTIVE GAS SENSOR MODULE WITH IN-BUILT ELECTROMAGNET AND GAS DETECTION METHOD THEREOF
   **Inventors:** Swastik Mondal, Pratyasha Rudra
   **(Application No.:** PCT/IN2024/052270 Country: WO Date: 21-Nov-2024 )


## संपादकीय बोर्ड / Editorial Board:

**मुख्य मार्गदर्शक:** प्रो. बिक्रमजीत बसु, निदेशक, CSIR-CGCRI • **संपादक:** डॉ. अम्बरीष सान्याल • **सहायक संपादक:** श्री संजीव कुमार सिंह, श्री अतनु विश्वास, श्री सैकेत पाल • **निर्माण/उत्पादन:** श्री सुकमल मंडल • **परामर्शदाता:** डॉ. इंद्रनील विश्वास • **प्रकाशन:** यह प्रकाशन निदेशक, सीएसआईआर–केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान की ओर से व्यवसाय विकास एवं प्रकाशन विभाग (BDPD), CSIR-CGCRI, कोलकाता–700032 द्वारा प्रकाशित किया गया।

**Chief Mentor:** Prof. Bikramjit Basu, Director, CSIR-CGCRI • **Editors:** Dr. Ambarish Sanyal • **Associate Editors:** Mr. Sanjiva Kumar Singh, Mr. Atanu Biswas, Mr, Saikat Paul • **Production:** Mr. Sukamal Mondal • **Advisor:** Dr. Indranil Biswas • **Published** on behalf of Director, CSIR-Central Glass and Ceramic Research Institute by Business Development and Publication Division (BDPD), CSIR-CGCRI, Kolkata 700032